जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2024/648 दिनांक 31.01.2024

प्रति,

प्राचार्य

शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

लश्कर, ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2023–2024 नियमित स्नातक एंव स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की नामांकन सूची अभी तक जमा न किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– वि0वि0 अधिसूचना क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2023/280, दिनांक 04.12.2023 एंव वि0वि0 अधिसूचना क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2023/415, दिनांक 18.12.2023

महोदय,

उपरोक्त विषय एंव सन्दर्भ में लेख है कि आपके महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में नियमित स्नातक एंव स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की नामांकन सूची आज दिनांक 31.01.2024 तक प्राप्त नही हुई है, जिस कारण आपके महाविद्यालय के स्नातक एंव स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं के नामांकन जनरेट नही किये गये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में भी कई बार समस्त महाविद्यालयों को नामांकन सूची जमा करने हेतु पत्र वि0वि0 बेबसाइट पर डाला जा चुका है, परन्तु आपके महाविद्यालय द्वारा इस विषय में कोई संज्ञान नही लिया गया है। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भी नाराजगी व्यक्त की गई है।

1. महाविद्यालय का पत्र। (समस्त पाठ्यक्रमों में छात्र संख्या विवरण के साथ)
2. उच्च शिक्षा विभाग के ई–प्रवेश पोर्टल से निकाली गई एक्सेल सूची । (उ0शि0 एप्लीकेशन आई0डी0 एंव कक्षा, विषयवार)
3. महाविद्यालय की जी2जी आई0डी0 से अप्रूव्ड (Approved) नामांकन लिस्ट।

अतः आप आवश्यक रूप से उक्त सूची दिनांक 05.02.2024 तक विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा करावें। यदि समय सीमा के भीतर सूची जमा नही कराई जाती हैं तो प्रतिछात्र बिलंब शुल्क के साथ सूची जमा कराई जावेगीं। जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः–

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
02. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर संभाग, कार्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
03. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
04. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उपकुलसचिव(परीक्षा/गोप0)